**दिनांक 02.02.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर परिक्षेत्राधीन 500 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं के समीक्षात्मक बैठक के क्रम में बाढ़ अवधि में गंगा नदी के अधिशेष जल को बदुआ तथा खड़गपुर जलाशय में अंतरण कार्य एवं बरनार जलाशय योजना के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :–**

1. इं० अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग।
2. इं० मो० सोहैल अहमद अंसारी, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर।
3. इं० शम्स परवेज, मुख्य अभियंता (यांत्रिक), जल संसाधन विभाग।
4. इं० अमरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3, पटना।
5. इं० अभिजीत कुमार, अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक), सिंचाई यांत्रिक अंचल, मीठापुर, पटना।
6. इं० दीपेन्द्र कुमार रजक, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, जमुई।
7. इं० तौहिद आलम, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर।
8. इं० शशि रंजन कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर।
9. इं० दीपक प्रधान, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, झाझा।
10. इं० शम्स तबरेज, कार्यपालक अभियंता, योजना दीपएवं मोनिटरिंग प्रमंडल–08, पटना।
11. इं० जयन्त, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), सिंचाई यांत्रिक मोनिटरिंग एवं डिस्पोजल प्रमंडल, पटना।

**बैठक में उपस्थित संवेदक :–**

1. श्री विक्रांत मारूपुरी, सहायक महाप्रबंधक (GVPR Engineers Ltd.)
2. श्री विनोद पी०वी०, परियोजना प्रबंधक (GVPR Engineers Ltd.)
3. श्री जी० सी० हनुमईया, प्रोजेक्ट मैनेजर (NCC Ltd.)

**1. बाढ़ अवधि में गंगा नदी के अधिशेष जल को बदुआ तथा खड़गपुर जलाशय में अंतरण कार्य :–**

- समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला प्रशासन की सहायता से सुल्तानगंज में इंटेकवेल–सह–पम्प हाउस के कार्यस्थल पर मिट्टी भराई का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

  निदेश दिया गया कि इंटेकवेल–सह–पम्प हाउस के कार्यस्थल पर अविलंब Manpower, Machinery एवं Materials की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये द्रुत गति से कार्य किया जाय।

  **(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/ कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/संवेदक)**

- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत सुल्तानगंज में इंटेकवेल–सह–पम्प हाउस के कार्यस्थल के समीप प्रस्तावित Airport के विस्तारीकरण का नक्शा आज दिनांक 02.02.2026 को मिलना संभावित है, ततपश्चात संशोधित अधियाचना की जा सकेगी।

  निदेश दिया गया कि शीघ्र नक्शा प्राप्त कर समीक्षोपरांत अविलंब Pipeline का Alignment निर्धारित करते हुए योजना का कार्यान्वयन कराया जाय।

  **(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर /कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/संवेदक)**

- योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि बांका जिलान्तर्गत चांदन एवं बेलहर प्रखंड का alignment trace कर रैयत का विवरणी सत्यापित कर लिया गया है तथा मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज, तारापुर एवं खड़गपुर अंचल में alignment में संशोधित किया जाना है।

निदेश दिया गया कि अविलंब Pipeline का Alignment निर्धारित करते हुए संशोधित भू–अर्जन प्रस्ताव संबंधित जिला भू–अर्जन कार्यालय में समर्पित की जाय। संबंधित भू–अर्जन कार्यालय में समन्वय हेतु एक सहायक अभियंता को प्राधिकृत करते हुए शीघ्रता–शीघ्र भू–अर्जन की कार्रवाई पूर्ण करायी जाय।

**(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/ कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा/ संवेदक)**

- संवेदक द्वारा बताया गया कि 10 कि०मी० का Pipeline कार्यस्थल पर उपलब्ध करा दिया गया है, तथा लगभग 36 कि०मी० Pipe का निरीक्षण करा लिया गया है। साथ हीं यह भी बताया गया कि वर्क प्लान के अनुसार Laying का कार्य प्रत्येक दिन लगभग 300 मी० लम्बाई में Laying कार्य करने की आवयकता होगी, जिससे की ससमय योजना को पूर्ण किया जा सकेगा।

निदेश दिया गया कि पर्याप्त मात्रा में श्रमबल, निर्माण सामग्री एवं मशीनरी उपलब्ध कराते हुए जिन स्थलों पर भूमि उपलब्ध है उन स्थलों पर द्रुत गति से Pipeline Laying का कार्य किया जाय।

- संवेदक द्वारा बताया गया कि निर्माणाधीन डिटेंशन टैंक के कार्य स्थल पर मिट्टी कटिंग कार्य में तेजी लाते हुये PCC दिनांक 20.02.2026 से प्रारंभ किया जायेगा।

निदेश दिया गया कि पर्याप्त मात्रा में श्रमबल, निर्माण सामग्री एवं मशीनरी उपलब्ध कराते हुए द्रुत गति से डिटेंशन टैंक का कार्य किया जाय। साथ ही योजनान्तर्गत सभी अवयवों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाय।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3, पटना/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, तारापुर/ कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिजीखोरवा/संवेदक)**

2. <u>बरनार जलाशय योजनाः–</u>

- योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि योजना अंतर्गत 1135.87 एकड़ वन भूमि अपयोजन किया जाना है, जिसके विरूद्ध 828.44 एकड़ गैर वन भूमि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को हस्तांतरित किया चुका है। 102.98 एकड़ भूमि पुनपुन बराज योजना के लिए अधिग्रहित भूमि में से चिन्हित किया गया है। शेष 204.45 एकड़ भूमि जिला पदाधिकारी, जमुई द्वारा चिन्हित किया जा रहा है।

निदेश दिया गया पुनपुन बराज योजना के लिए अधिग्रहित भूमि में से चिन्हित 102.98 एकड़ भूमि को वन भूमि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को हस्तांतरित किये जाने निमित्त वन विभाग से सहमति प्राप्त करते हुए अविलंब नियमानुकूल कार्रवाई किया जाय। इस

संबंध में विभागीय स्तर से भी वन भूमि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से अनुरोध किया जाय। साथ ही शेष 204.45 एकड़ भूमि चिन्हित करने हेतु जिला पदाधिकारी, जमुई से भी विभागीय स्तर से अनुरोध किया जाय।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, जमुई/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, झाझा/पुनपुन बराज प्रमंडल, गोह–1 एवं 2 )**

- बताया गया कि योजना अंतर्गत मुख्य नहर में वांछित 90.45 एकड़ भूमि अधिग्रहण के क्रम Joint Survey Report तैयार किया जा रहा है, जिसमें 14 मौजा में से 8 मौजा का प्रतिवेदन तैयार हो चुका है। शेष 6 मौजों का प्रतिवेदन 10 दिन के अंदर में तैयार कर लिया जायेगा। Joint Survey Report जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा करने के उपरांत SIA अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए रू० 18.83 लाख राशि जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा किया जा चुका है।

  निदेश दिया गया कि Joint Survey Report शीघ्र तैयार कर जिला भू–अर्जन कार्यालय में जमा करते हुए जिला भू–अर्जन कार्यालय में समन्वय हेतु प्रतिनियुक्त सहायक अभियंता लगातार समन्वय कर भू–अर्जन की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करायेंगे।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/ अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, जमुई/ कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, झाझा)**

- मुख्य अभियंता, भागलपुर द्वारा बताया गया कि योजना दायाँ मुख्य नहर से निकलने वाली पाईप लाईन डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम का एलाईन्मेंट Final हो चुका है एवं दायें मुख्य नहर से निकलने वाली पाईप लाईन डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम का एलाईन्मेंट चिन्हित किया जा रहा है, जिसे 10 दिनों के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा।

  निदेश दिया गया कि डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम का एलाईन्मेंट शीघ्र निर्धारित करते हुए भू–अर्जन हेतु नियमानुकूल कार्रवाई शीघ्र किया जाय। साथ ही रूपांकण आदि कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाय।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर/ अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, जमुई/ कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, झाझा)**

11/2

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक : यो०मो०–03–कार्य–10–34 / 2024–पार्ट–I– 354 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों / संवेदक को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुये दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

12/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : यो०मो०–03–कार्य–10–34 / 2024–पार्ट–I– 354 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुये परिक्षेत्राधीन मामले पर दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

12/2/26

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : यो०मो०–03–कार्य–10–34 / 2024–पार्ट–I– 354 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : यो०मो०–03–कार्य–10–34 / 2024–पार्ट–I– 354 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–2, जल संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

12/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन